# निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया

**भिलाईनगर।** आज नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान अधिकारियो को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमे मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिको के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है उसको सूना जावे, इससे उनको भरोसा मिलता है। जो काम खुद के करने लायक हो उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दुबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियो को भी सूचित करना चाहिए। शासन का दिशा-निर्देश है कि हमे समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आए, अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है जिससे हमारा परिवार चलता है। आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समीक्षा के दौरान प्रमुख मांगे जो थी उसमें पानी की समस्या जिस पर शीध्र-अतिशीध्र निराकरण किया जावे। अगर कहीं पुरानी स्वीकृति है तो आवश्यकता के अनुसार कार्यो को पूर्ण कराया जाए। नागरिको के मांग अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जावे। सुशासन तिहार में जितने भी मांग वाले आवेदन है उसमें क्षेत्र के सब इंजीनीयर मौके पर जाकर संबंधित व्यक्ति से मिलकर निरीक्षण करें। जोन आयुक्त भी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। आयुक्त कभी भी किसी भी वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। सभी प्रकरणो पर समय अवधि के अंदर निराकरण करना आवश्यक है। प्रमुख रूप से सुशासन तिहार में जो आवेदन आए है उसमें से औसतन पानी की समस्या, साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क, नाली, ढक्कन निर्माण, पानी जमा होना, अवैध कब्जा, महतारी वंदन योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। सबका निराकरण यथा संभव किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, अभियंता एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

